## एक नजर में

### हीरा नगर में लिए पेयजल के सैंपल

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री अनिल लगरखा के मार्गदर्शन मे आज ग्राम बड़ौरा घाट एवं हीरानगर में ग्राम की 5 महिलाओं को एफटीके का प्रशिक्षण दिया गया एवं पेयजल सप्लाई के सेंपल लिये गये। इन सैंपलों का पीएच टेस्ट, फ्लोराइड टेस्ट, फ्लोराइड टेस्ट, जल की कठोरता सम्बन्धी टेस्ट कराये गये, जिनके परिणाम स्वीकार मानक अंतर्गत प्राप्त हुये।**

इस अवसर पर दौरान लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग से राकेश मिश्रा एवं आगँनवाडी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ता एवं सहायका प्रभा कड़ा सहायकका आशा शिवकुमार यादव सदस्य में राधा यादव रामकुमार चढ़ार संगीतस अहिरवार गीता अहिरवार रामप्यारी चढ़ल राजकुमारी यादव साधना यादव बडोरा घाट एवं हीरानगर से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रति राय श्रीमती सुनीता कुशवाहा एवं समूह अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी नापित श्रीमती सोनाली यादव समूह सचिव रामवती यादव गायत्री साहू उर्मिला यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री अनिल लगरखा के मार्गदर्शन मे ग्राम बड़ौरा घाट एवं हीरानगर में ग्राम की 5 महिलाओं को एफटीके का प्रशिक्षण दिया गया।

# कुंडेश्वर में मकर संक्रांति पर लगेगा तीन दिवसीय मेला

**मंदिर प्रबंधन के सदस्य दे रहे तैयारियों को अंतिम रूप**

**बुधवार को मनाए जाने वाले पर्व को लेकर प्रशासन सख्त**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ। प्रसिद्ध शिव धाम कुंडेश्वर में पौष पूर्णिमा के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने जमडार नदी में स्नान कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में यहां तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को मनाए जाने वाले इस पर्व को लेकर धार्मिक स्थानों पर व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू हो चुकी है।**

कुंडेश्वर मंदिर ट्रस्ट और जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और खोया-पाया केंद्र की स्थापना की गई है। नदी घाट पर होमगार्ड जवानों की तैनाती रहेगी। मेला स्थल पर पुलिस की अस्थाई चौकी भी स्थापित होगी। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है।



टीकमगढ़ से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए महर्षि स्कूल के पास विशेष पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। टीकमगढ़-ललितपुर मार्ग बंद रहेगा। ललितपुर जाने वाले यात्रियों को बानपुर रोड से जाना होगा। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है। बुधवार को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्रसिद्ध तीर्थस्थल शिव धाम कुंडेश्वर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ेगा। हजारों भक्त यहां पहुंचकर शुभ मुहूर्त में जमडार नदी में स्नान कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना में भाग लेगे। इस अवसर पर गरीबों को भक्तों द्वारा खिचड़ी दान मे दी जाएगी। भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम अभी से कर लिए हैं। यातायात थाना प्रभारी कैलाश पटेल के अनुसार कुंडेश्वर में वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। टीकमगढ़-ललितपुर मार्ग के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। टीकमगढ़ से ललितपुर जाने वाले वाहन गऊघाट से बानपुर होकर जाएंगे, जबकि ललितपुर से आने वाले वाहनों को खिरिया से टीकमगढ़ बाबरी तिगैला होते हुए सागर रोड का मार्ग निर्धारित किया गया है। कुंडेश्वर मंदिर ट्रस्ट और जिला प्रशासन ने तीन दिवसीय मेले की व्यवस्था की है। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और एक अस्थाई पुलिस चौकी भी स्थापित की गई है। मेला परिसर में खोया-पाया केंद्र की व्यवस्था की गई है तथा नदी के घाट पर होमगार्ड जवानों की तैनाती की गई है। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें भी सजी हुई हैं, जहां श्रद्धालु खरीदारी कर सकते हैं। बुधवार को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्रसिद्ध तीर्थस्थल शिव धाम कुंडेश्वर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमडेगा। हजारों भक्त शुभ मुहूर्त में जमडार नदी में स्नान कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेगे। शिवधाम कुण्डेश्वर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पर्व पर विशाल मेले का आयोजन किया जा रहा है।

### शुभ महूर्त में भक्त लगाएंगे आस्था की डुबकी

14 जनवरी बुधवार को मकर संक्रांति के पर्व पर लोग कुण्डेश्वर पहुंचकर शुभ महूर्त में जमड़ार नदी के घाटों पर आस्था की डुबकी लगाएगे। इसके बाद श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के मंदिर में पहुंचकर भगवान को जल अर्पित कर उनका जलाभिषेक करेंगे। प्रसिद्ध तीर्थस्थल शिव धाम कुंडेश्वर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ेगा। हजारों भक्त यहां पहुंचकर शुभ मुहूर्त में जमडार नदी में स्नान कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना में भाग लेगे।

### सुरक्षा को लेकर हुए व्यापक इंतजाम

कुंडेश्वर मंदिर ट्रस्ट और जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और खोया-पाया केंद्र की स्थापना की गई है। नदी घाट पर होमगार्ड जवानों की तैनाती रहेगी। मेला स्थल पर पुलिस की अस्थाई चौकी भी स्थापित होगी। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है। टीकमगढ़ से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए महर्षि स्कूल के पास विशेष पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। टीकमगढ़-ललितपुर मार्ग बंद रहेगा। मेला को लेकर शिवधाम में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे है।

## टीकमगढ़ जिले की डायरी

### कार्यवाही के नाम पर खनिज विभाग कर रहा खानापूर्ति

कार्यवाही के नाम पर खनिज विभाग खानापूर्ति करने में लगा है। यह इसलिए कहा जा सकता है क्योंकि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश के बाद भी खनिज अधिकारी को मैदान में उतरकर कार्यवाही करना अच्छा नहीं लगता। खनिज विभाग के नए साहब का इतना रुतवा है कि वह कलेक्टर के आदेश को नहीं मानते और उनकी नांक के नीचे जमकर अवैध खनन का कारोबार चल रहा है। सूत्र बताते हैं कि विभाग की मिलीभगत से देर रात 10 बजे से सुबह 04 बजे तक जमकर खनन माफिया अपना जलवा दिखाते हैं। यह खनन माफिया रातों-रात शहर के आसपास की सरकारी भूमियों को खुर्दबुर्द करने में लगे हैं पर इस ओर खनिज विभाग के साहब की नजरें नहीं जाती। इतना ही नहीं खनिज वाले साहब तो लोगों का फोन उठाना भी उचित नहीं समझते। साहब मैं यही कहूंगा कि अगर आप सबके फोन सुनना शुरू कर देंगे तो शायद कोई अच्छी सूचना आपके हाथ लग सकती है और यह सूचना आपको जीरो से हीरो भी बना देगी। जरा आप अपने जिले के मुखिया कलेक्टर से कुछ सीखिए कि मोबाईल फोन का इस्तेमाल कैसे किया जाता है।

### प्रभारी के भरोसे चल रही कोतवाली

साहब ट्रेनिंग से वापिस भी आ गए पर उन्हें कोतवाली चलाने के लिए शायद थाना प्रभारी नहीं मिल रहा है। इसका नतीजा यह है कि आज भी कोतवाली प्रभारी के भरोसे संचालित हो रही है। नगर में लगातार बढ़ते अपराध एवं अपराधियों के बढ़ते हौसले को रोकने के लिए यहां स्थायी थाना प्रभारी की जरूरत है, लेकिन क्या पता आखिर क्या कारण है जो यहां स्थायी थाना प्रभारी की पोस्टिंग नहीं हो पा रही। नगर के लोगों का सोचना यह है कि अब साहब जब ट्रेनिंग से वापिस आ ही गए हैं, तो उन्हें कोतवाली में स्थायी थाना प्रभारी का आदेश जारी कर देना चाहिए क्योंकि लाईन में कई थाना प्रभारी आराम फरमा रहे हैं। नए थाना प्रभारी के आने से शायद कई पुरानी चोरियां एवं अन्य अपराधों का खुलासा हो जाए।

### ...आखिर में एसडीएम मैडम की...

...आखिर में बात कर लेते हैं एक महिला अधिकारी की। यह महिला अधिकारी टीकमगढ़ की एसडीएम है। मैडम बेहद सरल एवं निष्पक्ष हैं। इसलिए इनकी तारीफों के कसीदे इन दिनों कसे जा रहे हैं। मैडम ने टीकमगढ़ अनुभाग की जिम्मेदारी संभालने के बाद से जो काम किया वास्तव में वह तारीफे काबिल है। मैडम के सामने कोई भी बड़ी समस्या हो वह मुस्कुराते हुए उसे दूर करने का काम करती हैं।

**आमिर खान, दैनिक नवभारत**

# घर पर बैठे युवक पर जानलेवा हमला, पुलिस में पहुंचा मामला



**नवभारत न्यूज जतारा। थाना जतारा क्षेत्र के करमौरा निवासी धनेन्द्र यादव जब बीते रोज अपने घर पर कार्य कर रहा था तभी अचानक उसे गालियां सुनाई दी उसने जब देखा तो वहा गांव के ही मंगल उर्फ राजेन्द्र, शिवा बाल्मीक एवं करन रैकवार जतारा, आकाश रैकवार जतारा, राजदीप रैकवार जतारा, रूपेश रैकवार जतारा, धर्मेन्द्र रैकवार तनय अजुद्दी रैकवार जतारा द्वारा धनेन्द्र यादव के घर पर कटटा एवं अन्य जानलेवा हथियार लेकर उसे एवं उसके परिवार को गलियां दे रहे थे जिससे मौके पर विवाद देखते हुए पाया कि उक्त लोगो ने उसके साथ मारपीट की जिससे उसे दाहिने पैर में चोट आई है।**

जिसमे पीड़ित को खून निकल रहा था उक्त लोग पीड़ित एवं उसके परिवार को जान से मारने के लिए आये थे परन्तु ग्राम के लोगो ने वीच वचाव कर दिया जिससे वड़ी घटना टल गई है। जिसके लिए मौके पर धर्मेन्द्र रैकवार को गांव के लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। पीड़ित से मिली जानकारी के आधार पर उक्त अनावेदकगण के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने की करने की मांग की हैं उक्त लोग सभी शराब के नशे में थे। जिनसे पीड़ित को कभी भी कोई खतरा हो सकता है। यह कि अगर आवेदक या उसके परिवार के लोगो के साथ कोई भी घटना घटित होती है तो इसका जिम्मेदार अनावेदकगण मंगल उर्फ राजेन्द्र करमौरा, एवं शिवा बाल्मीक करमौरा निवासी होगे।

## आज होगी संयुक्त कार्यालय में टीएल बैठक


**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टीएल की बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें अधिकारियों को द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।**

प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया जएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा होगी।

# रेंजर ने अलाव के लिए किया लकड़ियों का प्रबंध

**नवभारत न्यूज, जतारा। स्थानीय रेंजर शिशुपाल अहिरवार की पहल से जतारा नगर के चौराहों पर अलाव जलाकर सर्दी से जूझ रहे लोगों के लिए नई आशा और जीवन की गर्माहट लाने के लिए सूखी लकड़ियां जलने के लिए प्रबंध किया गया है। जिसकी लोग सराहना कर रहे है।**

जतारा नगर के मुख्य स्थान पर लकड़िया रखवाई गई। दरअसल जनवरी माह में 20 से 25 डिग्री सर्दी के बीच तापमान चल रहा है। जिससे चलते जतारा नगर के अस्पताल, बस स्टैंड, थाना परिसर एवं अन्य जगहों पर भीषण सर्दी से बचाव के लिए जतारा रेंजर शिशुपाल अहिरवार ने जगह-जगह सूखी लकड़ियों को ट्रैक्टर के माध्यम से रखवाकर अलाव एवं आग जलाने का लिए प्रबंध किया गया है। जिससे सर्दी से जूझ रहे लोगों को चौराहे पर खड़े लोगों को आज के माध्यम से राहत मिलेगी। स्थानीय रेंजर शिशुपाल अहिरवार की पहल से जतारा नगर के चौराहों पर अलाव जलाकर सर्दी से जूझ रहे लोगों के लिए नई आशा और जीवन की गर्माहट लाने के लिए सूखी लकड़ियां जलने के लिए प्रबंध किया गया है।



## निर्वाचन संबंधी कार्य का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह द्वारा बल्देवगढ़ तहसील में निर्वाचन संबंधी कार्य का निरीक्षण किया गया।**

निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह ने बल्देवगढ़ तहसील में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर तहसीलदार डॉ. एके गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह द्वारा तहसील में निर्वाचन संबंधी कार्य का निरीक्षण किया गया।

# मौसम खुलते ही बच्चे दिखे फुटबॉल खेलते

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। रविवार को मौसम साफ रहा और धूप खिली। शनिवार को भी दिनभर धूप निकलने से दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दिन का तापमान बढ़कर 22 डिग्री और रात का तापमान 9.6 डिग्री पर पहुंच गया है। मौसम साफ रहने और धूप निकलने के कारण पुलिस परेड ग्राउंड पर मॉर्निंग वॉक करने वालों की संख्या में इजाफा देखा गया। बड़ी संख्या में बच्चे क्रिकेट, फुटबॉल और बास्केटबॉल खेलते हुए भी नजर आए।**

मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिनों तक मौसम साफ रहने का अनुमान है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 23 से 24 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 से 9 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान शीतलहर में कमी आने से लोगों को कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिली है।भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार को अधिकतम तापमान 19.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था।

मंगलवार को अधिकतम तापमान 20.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री रहा। बुधवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री दर्ज हुआ, जबकि गुरुवार को अधिकतम तापमान 17.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री रहा। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 20.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। शनिवार को अधिकतम तापमान में 1.2 डिग्री की वृद्धि हुई और यह 22 डिग्री दर्ज किया गया। रात का तापमान भी 1.6 डिग्री बढ़कर 9.6 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम साफ रहने और धूप निकलने के कारण पुलिस परेड ग्राउंड पर मॉर्निंग वॉक करने वालों की संख्या में इजाफा देखा गया। बड़ी संख्या में बच्चे क्रिकेट, फुटबॉल और बास्केटबॉल खेलते हुए भी नजर आए।



# भोपाल में होगा सर्व सेन समाज का कार्यक्रम

**कार्यक्रम के चलते बैठक में बनाई रणनीति**

**लोगों को पीले चावल बांटकर किया जा रहा आमंत्रित**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। राष्ट्रीय सर्व सेन समाज संगठन की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जननायक कर्पूरी ठाकुर के जन्म शताब्दी सम्मान समारोह की तैयारियों पर चर्चा करना था। समारोह में शामिल होने के लिए समाज के लोगों को पीले चावल बांटकर आमंत्रित किया गया।**

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरेलाल सेन ने बताया कि भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जन्म शताब्दी सम्मान समारोह 20 जनवरी को भोपाल के हिन्दी भवन में राष्ट्रीय सर्व सेन समाज संगठन के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस समारोह की तैयारियों को लेकर प्रदेश भर में बैठकें की जा रही हैं।बैठक के दौरान समारोह के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संगठन के सभी पदाधिकारियों से मार्गदर्शन भी लिया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धनीराम सेन, संगठन संरक्षक कन्हैयालाल सेन, प्रदेश उपाध्यक्ष आचार्य रमेश कुमार और जिला उपाध्यक्ष रामनारायण ने सभी समाज बंधुओं से कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सम्मिलित होने की अपील की। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इस बैठक में भानुप्रताप, मुकेश, प्रमोद, किशन लाल, वीरन मुखिया, मनोज सेन, सुरेंद्र सेन, शंकर नापित, नंदराम, मुन्ना लाल, रामरतन, देवेन्द्र सेन, प्रेमशंकर, परमानंद, भगवानदास, संतोष, कमलेश, चंद्रभान, हिमांशु, छोटेलाल सहित सेन समाज के कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।राष्ट्रीय सर्व सेन समाज संगठन की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जननायक कर्पूरी ठाकुर के जन्म शताब्दी सम्मान समारोह की तैयारियों पर चर्चा करना था। समारोह में शामिल होने के लिए समाज के लोगों को पीले चावल बांटकर आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संगठन के सभी पदाधिकारियों से मार्गदर्शन भी लिया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदेश उपाध्यक्ष आचार्य रमेश कुमार और जिला उपाध्यक्ष रामनारायण ने सभी समाज बंधुओं से कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सम्मिलित होने की अपील की।



**सदस्यता** | **पलेरा के कांग्रेस खेमे में मची हलचल**

# पूर्व मंत्री ने निर्दलीय पार्षद को दिलाई भाजपा की सदस्यता

**नवभारत न्यूज, पलेरा। नगर परिषद पलेरा में इन दिनों राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा और वार्ड क्रमांक 07 के पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत करने के अभियान को एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। जिसके चलते कांग्रेसी समर्थक निर्दलीय पार्षद अनिल खटीक ने अपने समर्थकों के साथ पूर्व राज्य मंत्री राहुल सिंह लोधी के निवास पर पहुंचकर भाजपा की रीति-नीति में विश्वास जताते हुए भाजपा में शामिल हुए। जिससे कांग्रेस खेमे में हलचल मची हुई है।**

रविवार को नगर परिषद पलेरा के वार्ड क्रमांक 12 से कांग्रेसी समर्थक निर्दलीय पार्षद अनिल खटीक ने अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। अनिल खटीक ने पूर्व राज्य मंत्री राहुल सिंह लोधी के निवास पर पहुंचकर भाजपा की रीति-नीति में विश्वास जताया, जहाँ पूर्व मंत्री ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर विधिवत पार्टी में शामिल किया।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, पार्षद रामकिशोर कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव और संतोष अहिरवार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। भाजपा नेताओं ने अनिल खटीक का स्वागत करते हुए कहा कि उनके आने से नगर में विकास कार्यों को और गति मिलेगी और संगठन को मजबूती प्राप्त होगी।

गौरतलब है कि पलेरा नगर में भाजपा संगठन द्वारा लगातार अन्य दलों के कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों को पार्टी से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, जिससे विपक्षी खेमे में हलचल मची हुई है। नगर परिषद पलेरा में इन दिनों राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा और वार्ड क्रमांक 07 के पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत करने के अभियान को एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। जिसके चलते कांग्रेसी समर्थक निर्दलीय पार्षद अनिल खटीक ने अपने समर्थकों के साथ पूर्व राज्य मंत्री राहुल सिंह लोधी के निवास पर पहुंचकर भाजपा की रीति-नीति में विश्वास जताते हुए भाजपा में शामिल हुए। जिससे कांग्रेस खेमे में हलचल मची हुई है।



### भाजपा में शामिल होने से होगा संगठन मजबूत

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, पार्षद रामकिशोर कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव और संतोष अहिरवार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। भाजपा नेताओं ने अनिल खटीक का स्वागत करते हुए कहा कि उनके आने से नगर में विकास कार्यों को और गति मिलेगी और संगठन को मजबूती प्राप्त होगी।

## चायनीज मांझे का चलाया चेकिंग अभियान

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के द्वारा में जिले में चायनीज मांझे के निर्माण, विक्रय और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।**

आगामी मकर संक्रांति पर्व पर पतंगबाजी के दौरान संभावित खतरों को ध्यान में रखते हुए यह अभियान शुरू किया गया है।उक्त अभियान में पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को चायनीज मांझे के विक्रय और उपयोग पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में खरगापुर में चायनीज मांझे के विक्रय पर रोक लगाने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा और एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह सिकरवार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने चौकिंग कार्यवाही को अंजाम दिया है।

# सीएमओ ने नपा कर्मचारियों की ली बैठक



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ के सभाकक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त् शाखा प्रभारियों एवं कर्मचारियों से संबंधित शाखाओं के कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।**

बैठक दौरान सीएमओ भदौरिया के द्वारा शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में नगर पालिका को प्रदेश एवं संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर संबंधित शाखा प्रभारी को बधाई दी गई एवं इसी प्रकार से योजनाओं में टीम भावना से कार्य कर हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यानाकर्षण करने हेतु संबंधित शाखा प्रभारी को निर्देश दिये गये। स्वीकृत निर्माण कार्यो को कार्यादेश जारी कर शीघ्र गुणवत्ता पूर्ण समय सीमा पूर्ण कराए जाने की हेतु उपयंत्री को निर्देशित किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत किए जा रहे सर्वेक्षण कार्य एवं राजस्व वसूली जलकर वसूली के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।